तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4



नगर में शारदीय नवरात्रि की धूम दुर्गा पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु

खबर संक्षेप

सक्ती में 3.14 करोड़ की लागत से बन रहा जिला पंचायत भवन

सक्ती। सक्ती जिले के ग्राम पंचायत खुटादहरा, विकासखंड सक्ती में जिला पंचायत भवन का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। नवीन मद के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस भवन का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सक्ती द्वारा 3 करोड़ 14 लाख 25 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। जिला पंचायत भवन जिले में ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस भवन से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जैसे वीबी जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं निगरानी में सुविधा मिलेगी। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना निर्माण से जुड़े कार्यों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित एजेंसियों के नियंत्रण एवं समन्वय में भी सहायता मिलेगी। भवन में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों और जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आवश्यक सुविधाओं के साथ जिला पंचायत सदस्यों की बैठकों हेतु सर्वसुविधायुक्त कक्षों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, विभिन्न योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए एक बड़े मीटिंग हॉल का भी निर्माण किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के अनुसार, वर्तमान में भवन के जमीन तल की छत ढलाई की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। नवंबर तक जमीन तल का कार्य पूर्ण करने तथा फरवरी तक संपूर्ण भवन का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर ने संदीप को सौंपा निवास प्रमाण पत्र, ऑनलाइन सुविधा से प्रक्रिया आसान

जांजगीर-चांपा। आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सहज और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में सेवा सेतु ऐप प्रभावी भूमिका निभा रहा है। चांपा निवासी संदीप यादव को आवेदन के दूसरे ही दिन निवास प्रमाण पत्र मिल गया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें अगले ही दिन प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया गया। इससे उन्हें आवश्यक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज मिल गया और अनावश्यक भागदौड़ से भी राहत मिली।

बच्चों की सुरक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

जांजगीर-चांपा। किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं बाल विवाह रोकथाम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में बाल संरक्षण, दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षित विद्यालय, बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण तथा बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम एवं सुरक्षित बचपन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत कोटगढ़, मड़वा, अमोरा एवं बनारी के सरपंचों सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रतिनिधियों और युवोदय स्वयंसेवकों को सम्मानित किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती के लिए आवेदन 29 तक

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ अंतर्गत आगनबाड़ी केन्द्र पामगढ़ 1 वार्ड कमांक 5 गोकुल नगर में कार्यकर्ता के पद पर भर्ती हेतु 29 अक्टूबर तक समय 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पर आंनलाईन आवेदन आंमत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ ने बताया के निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन आनलाईन अपलोड नही किया जा सकेगें। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी देखने भी लिंक पर देखा जा सकता है।

जांजगीर, चांपा, शिवरीनारायण व अकलतरा में हो रही बेतहाशा भीड़

आस्था का उमड़ रहा ज्वार, हर ओर ट्रैफिक जाम, व्यवस्था बनाने में जिम्मेदार नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के सीजन में ट्रैफिक जाम की समस्या ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है। खासकर जांजगीर चांपा एवं अकलतरा में इन समय दुर्गा प्रतिमा दर्शन को लेकर लोगों की बेतहाशा भीड़ हो रही है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में घंटों का समय लग जा रहा है। जिसके चलते लोगों की समस्या ज्यादा हो गई है।

गौरतलब है कि रविवार 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि पर्व प्रारंभ हुआ है जो मंगलवार 20 अक्टूबर दशहरा तक चलेगा। इधर त्योहार के सीजन में ट्रैफिक जाम की समस्या ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जांजगीर,चांपा, शिवरीनारायण व अकलतरा शहर में इस समय दुर्गा की प्रतिमा देखने को लेकर लोगों की इकट्ठी हो रही है। खासकर जिला मुख्यालय जांजगीर के ऐतिहासिक दुर्गा उत्सव को देखने के लिए न केवल जांजगीर चांपा बल्कि पड़ोसी जिले के साथ अंबिकापुर रायपुर बिलासपुर रायगढ़ दुर्ग राजनंदगांव कोरबा से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके चलते दोपहर के समय से ही शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। जिससे निपटना पुलिस प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती साबित हो रहा है। ट्रैफिक जाम के कारण जांजगीर से बलौदा, कोरबा, बिलासपुर, चांपा आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिले के पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को आने-जाने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसे ध्यान में रखकर ट्रैफिक व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन लोगों की बेतहाशा भीड़ के आगे पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्या जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, अटल चौक, नैला में दोपहर के समय से ही ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित हो रही है। इस तरह की परेशानी शुक्रवार 16 अक्टूबर को भी देखने को मिली जहां अन्य मार्ग की ओर आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार चांपा शहर के मोदी चौक, बरपाली चौक, स्टेशन रोड, सदर बाजार, लायंस चौक में भी नवरात्रि पर्व को लेकर माता रानी दुर्गा प्रतिमा देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जिसके कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस तरह की समस्या शहर से लगे सिवनी कोरबा रोड में दुर्गा की प्रतिमा विराजमान है। जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। ट्रैफिक जाम की समस्या अकलतरा शहर की शास्त्री चौक रेलवे स्टेशन मार्ग तरौद मोड़ में भी देखने को मिल रही है। दोपहर से देर रात तक गाड़ियों की बड़ी संख्या नजर आ रही है। वहीं ट्रैफिक जाम की समस्या भी इस समय बनी हुई है। खासकर नवरात्रि के कारण इन दिनों जिला मुख्यालय समेत अन्य शहरों में अधिक भीड़ दिखाई दे रही है।



नहरिया बाबा मार्ग में ऐसा जाम कि घंटों फंस रहे राहगीर।



नैला स्टेशन रोड में दोपहर बाद से ही हो रहा ट्रैफिक जाम।

बनाई जा रही व्यवस्था

नवरात्रि पर्व के दौरान ट्रैफिक जाम समस्या को लेकर टीम बनाई गई है। स्टाफ के लोग जहां समस्या बन रही है, वहां पहुंचकर व्यवस्था बना रहे हैं। साथ ही लोगों को सही जगह पर ही गाड़ी रखने निर्देशित किया गया है।

-उदयन बेहार,
एएसपी यातायात, जांजगीर चांपा

शिवरीनारायण नवरात्रि मेला में चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

तीन नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण के नवरात्रि मेले में हुए विवाद के बाद दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी के अलावा तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण के मेले में बलौदाबाजार -भाटापारा के थाना गिधौरी क्षेत्र के करन यादव और खेमराज यादव गुरूवार 15 अक्टूबर को पहुंचे थे। रात लगभग 10:30 बजे दुकान में चप्पल-जूते के मोलभाव को लेकर वहां काम कर रहे नाबालिग से विवाद हो गया। कुछ देर बाद उक्त बालक के अन्य साथी पहुंच गए। विवाद बढ़ने पर दीप केंवट उर्फ दीप भाई एवं उसके साथियों ने जान से मारने की नीयत से खेमराज यादव के सिर, सीने, पेट एवं पीठ पर चाकू से कई वार किए तथा डंडे से भी हमला किया। बीच -बचाव करने पहुंचे करन यादव के सिर पर भी डंडे से वार कर उसे चोट पहुंचाई गई। हमले में खेमराज यादव गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे उपचार के लिए शिवरीनारायण के शबरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस ने घटना में शामिल लोगों की पहचान कर अलग- अलग टीमें गठित कीं। पुलिस टीम ने दबिश देकर मुख्य आरोपी दीप केंवट उर्फ दीप भाई तथा 3 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ा जिसको पूछताछ एवं विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त 3 स्टील के चाकू, एक लकड़ी तथा खून के निशान वाले कपड़े जब्त किए गए। पुलिस ने धारा 109(1), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्रवाई कर मुख्य आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पिछले वर्ष भी शिवरीनारायण के माघी पूर्णिमा मेले में चाकूबाजी की घटना हुई थी। गुरूवार की रात हुई चाकूबाजी की वारदात का मुख्य आरोपी दीप केंवट एवं एक विधि से संघर्षरत बालक पूर्व में मांघी-पूर्णिमा मेले के दौरान भी एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के मामले में शामिल रहे हैं।



अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

अवैध गौ तस्करी के मामले में झारखंड के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

चौकी फगुरम पुलिस ने अवैध गौ तस्करी के दो मामलों में कार्रवाई करते हुए झारखंड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में शामिल अन्य स्थानीय आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 2 मई और 9 जुलाई को गौ सेवकों ने अलग-अलग वाहनों में गाय-बैलों को क्रूरतापूर्वक हाथ-पैर बांधकर वध के उद्देश्य से बूचड़खाने ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। घटना में शामिल अज्ञात आरोपी वाहन और गौवंश को मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। इस पर चौकी फगुरम, थाना डभरा में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और 11 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने झारखंड के गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगीडांड निवासी साहिल खान, पिता सफीक खान शेख सैफ अली पिता शेख सफीक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानीय लोगों की मदद से गौवंश खरीदकर ले जाने, काटने और बेचने की बात बताई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। प्रकरण में शामिल अन्य स्थानीय आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है।

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़क व पुलों का जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने जांजगीर-चांपा का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों एवं पुलों का

- निर्माण कार्यो में गति लाने अधिकारियों को दिए निर्देश

निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने पामगढ़ में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माणाधीन, स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी इस दौरान मौजूद थे। विभागीय सचिव श्री बंसल को पामगढ़ रेस्ट हाऊस में बैठक के दौरान बिलासपुर सेतु संभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के धनवारपारा (सलनी)-नवागांव मार्ग पर बोराई नदी पर उच्च स्तरीय पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसके 905 मीटर में बी.टी. कार्य शेष है। उन्होंने ग्रामीणों की मांग के अनुसार 1200 मीटर अतिरिक्त बी.टी. सड़क के निर्माण के लिए पृथक पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजने को कहा। श्री बंसल ने अधिकारियों को पी.डब्ल्यू.एम.आई.एस. में पूर्व वर्षों के पूर्ण कार्यों के अंतिम पूर्ण देयक से संबंधित कार्यवाही पूर्ण कर अद्यतन डॉटा पीडब्ल्यू एमआईएस. में एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने पामगढ़ रेस्ट हाउस में अच्छी साफ-सफाई रखने तथा जरूरी मरम्मत के भी निर्देश दिए।



सड़क का निरीक्षण करते पीडब्ल्यूडी सचिव।

उप सरपंच की चली गई कुर्सी, पक्ष में 4 और विपक्ष में पड़े 16 मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में शुकवार 16 अक्टूबर को उपसरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में उपसरपंच की कुर्सी चली गई। उपसरपंच के पक्ष में 4 तो वहीं विपक्ष में 16 मत पड़े।

ज्ञात हो कि बिर्रा में उपसरपंच श्रीमती विमला गोपाल कश्यप के कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए बहुसंख्यक पंच ने मोर्चो खोला और अविश्वास प्रस्ताव के लिए चाम्पा एसडीएम को लिखित में ज्ञापन सौंपा गया था। न्यायालय चांपा एसडीएम ने उपसरपंच श्रीमती विमला गोपाल कश्यप को 13 अक्टूबर 26 को अपने जवाब प्रस्तुत करने और उपस्थित होने के लिए ग्राम पंचायत बिर्रा के सचिव को नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर चाम्पा एसडीएम ने 16 अक्टूबर को अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान करने के लिए पत्र जारी किया गया। बम्हनीडीह राजस्व तहसीलदार प्रशांत पटेल, करारोपण अधिकारी उल्लास पटेल, पंचायत निरीक्षक श्याम कुमार सिदार, पुलिस थाना बिर्रा के प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक तीजराम जागड़े, ग्राम बिर्रा के सचिव रोहित पटेल, सरपंच श्रीमती पीलीबाई साहू, पुलिस की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही दोपहर 12बजे शुरू किया गया। उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में उपसरपंच श्रीमती विमला गोपाल कश्यप को 4 मत एवं 1 मत निरस्त और उपसरपंच के विरूद्ध 16 मत पड़ा। इस तरह से उपसरपंच श्रीमती विमला गोपाल कश्यप की कुर्सी चली गई।



अपर कलेक्टर ने नवदम्पत्ति को दिया विवाह का प्रमाण पत्र

सात समुंदर पार से आकर क्रिस्टीयान ने रचाई क्रिस्टीना से शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सात समुंदर पार नीदरलैंड से पहुंचे दूल्हे ने भुईगांव की दूल्हन ने शादी रचाई। दोनों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कानूनी रूप से हमसफर बनने का संकल्प लिया। अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी की मौजूदगी में विवाह सम्पन्न हुआ। इसके बाद अधिकारी ने विवाह का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

प्यार की कोई सीमा नहीं होती, ये कहावत आज जांजगीर-चांपा में चरितार्थ हो गई। पामगढ़ ब्लॉक के छोटे से गांव भुईगांव की बेटी ने सात समंदर पार नीदरलैंड के युवक से शादी कर ली। दोनों की शादी का प्रमाण-पत्र आज जारी हुआ है, और अब ये शादी पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। विवाह प्रमाण-पत्र के अनुसार वर क्रिस्टीयान एन्ड्रीयश वरबूम, उम्र 32 वर्ष नीदरलैंड का रहने वाला है। वहीं वधु क्रिस्टीना नथेनियल उम्र 25 वर्ष वार्ड नं. 07 नालापारा भुईगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा की है। 16 अक्टूबर 2026 को दोनों अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जांजगीर-चांपा प्रमोद कुमार गुप्ता के समक्ष हाजिर हुए। तीन गवाहों की मौजूदगी में धारा-5 के तहत घोषणा कर उनका विवाह संपन्न कराया गया। विवाह अधिकारी ने प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर कर इसे वैध घोषित किया। क्रिस्टीना के परिवार में हनोक नथेनियल और सोनिया नथेनियल गवाह बने। गांव में इस अनोखी शादी की खबर फैलते ही लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। एक तरफ गांव की बेटी विदेश में बसने जा रही है तो दूसरी तरफ नीदरलैंड का दामाद मिलने से गांव में जश्न जैसा माहौल है। बताया जा रहा है कि दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुई। इसके बाद दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। धीरे धीरे दोस्ती प्यार में बदली और फिर दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला ले लिया। दोनों के घरवालों ने भी उनके फैसले का सम्मान किया और क्रिस्टीना और क्रिस्टीयान की विधिवत शादी हो गई। सात समुंदर पार नीदरलैंड के क्रिस्टीयान शादी रचाने पहुंचा। इसके बाद क्रिस्टीना के साथ उसका िवाह सम्पन्न हो गया। शुक्रवार 16 अक्टूबर को कोर्ट मैरिज के बाद दोनों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में अपना लिया। यह विवाह अब जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।



कलेक्टोरेट में विवाह अधिकारी के समक्ष एक दूसरे को वरमाला पहनाते वर-वधु

अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

अज्ञात पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया, जबकि पिकअप चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत देवरी निवासी विकास कुमार कर्नल पिता रामलाल कर्नल, पीआईएल प्लांट कोटाडबरी, चांपा में काम करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5:30 से 6 बजे के बीच सारागांव से चांपा की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक अज्ञात पिकअप ने मुरकट्टी दाई मंदिर ओवरब्रिज के पास कमरीद मोड़ पर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे में विकास कुमार के दाहिने पैर, हाथ और कंधे में अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की शिकायत सारागांव थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



खबर संक्षेप

बेलदारा में मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन



चांपा। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मुक्ति धाम के निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही थी इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन मंत्री से मुक्ति धाम निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था जिसे अधोसंरचना मद से 22.68 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान की, इसके अतिरिक्त साथ ही नगर के वार्ड क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 14, वार्ड क्रमांक 22 वार्ड क्रमांक 25 में भी मुक्ति धाम में भी अतिरिक्त कार्य कराया गया है। लोक निर्माण विभाग के सभापति संजय सोनी ने बताया मुक्तिधाम निर्माण की पहल को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों को अंतिम संस्कार संबंधी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। लंबे समय से इस सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे पूरा करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। वार्ड पार्षद भगवंतिन साहू ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुक्तिधाम जैसी मूलभूत सुविधा का विकास सामाजिक दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्षा ऋतु के समय दाह संस्कार में परेशानी होती है। प्रतीक्षालय भी नहीं है। इसके निर्माण से क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी। इस अवसर पर पार्षद महेंद्र तिवारी, सलीम मेमन, गौतम यादव, गंगाराम मांझी, बसंत बघेल, कमल सोनवानी,किशोर मोदी,अनुपम अग्रवाल, विक्रांत बघेल, गायत्री देवी बघेल,कुश चौहान उप अभियंता यज्ञा सिदार सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

विधि संकाय में धर्मेंद्र शर्मा को पीएच.डी. की उपाधि

जांजगीर-चांपा। डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय, बिलासपुर के सहायक प्राध्यापक तथा नगर

पालिका परिषद जांजगीर-नैला के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा को डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर द्वारा विधि संकाय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई है। श्री शर्मा ने अपना शोधकार्य विश्वविद्यालय के विधि संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक डॉ. आर.पी. चौधरी के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय "आदतन कठोर अपराधियों पर कारागार व्यवस्था का प्रभाव : एक वैधानिक अध्ययन जिला जांजगीर-चांपा के संदर्भ में" है। उनके शोध में आदतन कठोर अपराधियों के सुधार एवं पुनर्वास, अपराध की पुनरावृत्ति पर नियंत्रण तथा कारागार व्यवस्था की प्रभावशीलता का वैधानिक एवं शोधपरक अध्ययन किया गया है। यह शोध आपराधिक न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने तथा अपराधियों के सुधार और सामाजिक पुनर्स्थापन की संभावनाओं को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। धर्मेंद्र शर्मा ने सार्वजनिक जीवन में नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्ष के रूप में भी अपनी भूमिका निभाई है। सार्वजनिक जीवन के अनुभव और विधि शिक्षा के क्षेत्र में उनके अकादमिक योगदान का यह समन्वय उनकी इस उपलब्धि को विशेष महत्व प्रदान करता है।

निधन

समारु राम साहू

तनौद। ग्राम खोरसी के प्रतिष्ठित नागरिक समारू राम साहू का मंगलवार 13 अक्टूबर को निधन हो गया। वे



अपने पीछे तीन पुत्र एवं 2 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र रवींद्र साहू ने दी। वे खगेंद्र साहू, डॉ दशरथ साहू, तुषार, हरीश सतीश, सत्यम के पिता थे। अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

जॉजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर तिवारिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू बांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

कवि सम्मेलन के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

शिवरीनारायण महोत्सव में स्कूली बच्चों की प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

छत्तीसगढ़ की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी शिवरीनारायण प्राचीन काल से ही अपनी धार्मिक महत्ता, व्यापारिक गतिविधियों और सांस्कृतिक पहचान के लिए प्रसिद्ध रही है। जांजगीर-चांपा जिले में महानदी के पावन तट पर स्थित यह नगर भगवान नर-नारायण की नगरी और माता शबरी की पावन धरा के रूप में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ में भी शिवरीनारायण का विशेष स्थान है। इन दिनों नवरात्रि महोत्सव के चलते नगर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इसी धार्मिक माहौल के बीच नगर पंचायत शिवरीनारायण के तत्वावधान में आयोजित शिवरीनारायण महोत्सव ने नगरवासियों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिवरीनारायण पहुंचे। उन्होंने भगवान नर-नारायण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर में आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई, जिसमें कवि सम्मेलन के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिवरीनारायण महोत्सव में नगर के विभिन्न अंग्रेजी माध्यम, हिंदी माध्यम और शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के नृत्य, अभिनय और मनमोहक मंचीय कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह और दर्शकों की तालियां पूरे आयोजन में नई ऊर्जा भरती रहीं। इन प्रस्तुतियों के बीच सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय की प्रस्तुति में आकांक्षा साहू, दीपिका, कनक, डाली, वर्षा, कंचन, प्रभा, शालिनी, कामेश्वरी, हर्षिता, आस्था, अनुष्का, किरण, आरोही और सिमरन सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। वहीं भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण से संबंधित पात्रों के माध्यम से भी मंच पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं को प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के तत्वावधान में इस वर्ष शुरू किए गए शिवरीनारायण महोत्सव को लेकर नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला। धार्मिक नगरी की ऐतिहासिक पहचान, पर्यटन की संभावनाओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की दृष्टि से इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं।

मां महामाया की पूजा-अर्चना कर डॉ. महंत ने मांगा प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



सक्ती। छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत नवरात्र पर्व के छठवें दिन मां महामाया एवं दुर्गा प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। डाक्टर चरण दास महंत ने कहा नवरात्र पर्व पर मां जगदंबा की पूजा अर्चना करने से सिद्धि एवं शक्ति प्राप्त होती है। नवरात्र पर्व पर हर मनुष्य को मां आदिशक्ति की आराधना करनी चाहिए। मां जगदंबा की कृपा से मनुष्य को अदृश्य अलौकिक शक्ति सिद्धि प्राप्त होती है जो हमारे जीवन को खुशहाल करती है। मां जगदंबा आदिशक्ति की कृपा से मनुष्य हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करता है। महंत ने कहा नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती है। मां कात्यायनी की कृपा से जीवन की नकारात्मक ऊर्जाएं, मानसिक तनाव, डर और सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती है। धार्मिक कथाओं के अनुसार महर्षि कात्यायन की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया और कात्यायनी कहलाईं। उन्होंने महिषासुर जैसे अत्याचारी का अंत किया। मां कात्यायनी का स्वरूप साहस, न्याय और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है। जब अन्याय अपनी सीमा पार कर जाए, तब उसके खिलाफ खड़ा होना आवश्यक है। नवरात्र में उनकी पूजा विशेष रूप से शक्ति और विजय की कामना के लिए की जाती है। कात्यायनी का स्वरूप आधुनिक जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश देता है।

किसानों ने माइनर नहर से पानी देने की मांग, तीन दिन में पानी नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी



डभरा। सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण सूख रही फसलों को बचाने के लिए किसानों ने माइनर नहर से पानी उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्राम डभरा, नवापारा ड, सकराली, बसंतपुर एवं कुसमुझर के किसानों ने मिनीमाता बांगो परियोजना के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।किसानों ने ज्ञापन में बताया कि उनके द्वारा खरीफ फसल की बोआई की जा चुकी है, लेकिन वर्तमान में बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी समाप्त हो रही है। फसलों को पानी की सख्त आवश्यकता है। समय पर सिंचाई नहीं होने से फसलें खराब होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। ऐसे में किसानों के सामने अपनी मेहनत और लागत को बचाने की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।किसानों का कहना है कि माइनर नहर के अंतिम छोर यानी टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंचने के कारण खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि नियमानुसार टेल एरिया के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की है कि डभरा माइनर नहर में तत्काल पानी छोड़ा जाए, ताकि सूखती फसलों को बचाया जा सके और किसानों को आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन दिनों के भीतर नहर से पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने इसके लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराने की बात भी कही है।ज्ञापन की प्रतिलिपि चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव, सक्ती जिले के कलेक्टर, डभरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मिनीमाता बांगो नहर संभाग के कार्यपालन अभियंता तथा डभरा थाना प्रभारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपी गई है।अब देखना होगा कि संबंधित विभाग किसानों की इस समस्या पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है और फसलों को बचाने के लिए नहर में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कब तक करता है।

आत्मा-परमात्मा का मिलन ही साधना का लक्ष्य : पं. पांडेय

जांजगीर-चांपा। समीपस्थ ग्राम बनारी स्थित मनका दाई मंदिर में आयोजित देवी भागवत कथा के छठवें दिन व्यास आचार्य मनोज कुमार पांडे ने शक्ति उपासना, पंचमकार साधना के वास्तविक अर्थ और भक्त की आध्यात्मिक उन्नति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तंत्र शास्त्र में वर्णित पंचमकार- मद्य, मांस, मीन, मुद्रा और मैथुन का अर्थ केवल शाब्दिक रूप में ग्रहण करना उचित नहीं है। इनका आध्यात्मिक एवं प्रतीकात्मक अर्थ समझना आवश्यक है। साधना का उद्देश्य बाहरी भोग-विलास नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, ईश्वर से एकाकार होना और परम आनंद की अनुभूति प्राप्त करना है।



■ बनारी में चल रहे देवी भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य पांडेय ने समझाया तंत्र साधना का आध्यात्मिक रहस्य

आचार्य पांडे ने बताया कि कुंडलिनी जागरण के दौरान सहस्रार चक्र के खिलने और उससे प्राप्त होने वाले दिव्य आनंद को भी मद्य के आध्यात्मिक अर्थ से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ तांत्रिक ग्रंथों में मद्य के स्थान पर नारियल पानी, दूध तथा अन्य प्रतीकात्मक विकल्पों का उल्लेख मिलता है। योगिनी तंत्र के संदर्भ में गुड़ और अदरक के रस सहित विभिन्न वर्णनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचमकार के अर्थ को केवल मदिरा सेवन तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इसी प्रकार मांस, मीन और अन्य प्रतीकों की व्याख्या करते हुए उन्होंने साधना के आंतरिक पक्ष पर जोर दिया। उनके अनुसार, समस्त वस्तुओं को अंतर्यामी ईश्वर को समर्पित करना श्रेष्ठ भाव है। मैथुन का आध्यात्मिक आशय आत्मरति अथवा आत्मा का परमात्मा से मिलन भी माना गया है। आचार्य ने कहा कि इन प्रतीकों के आध्यात्मिक अर्थ को समझकर ही साधना के वास्तविक उद्देश्य को जाना जा सकता है। इनके अर्थ को गलत ढंग से ग्रहण करने से साधक अपने मार्ग से भटक सकता है। कथा के दौरान आचार्य मनोज कुमार पांडे ने महर्षि च्यवन और देवी सुकन्या की कथा सुनाई। इसके साथ ही महर्षि वेदव्यास और देवर्षि नारद के चरित्र प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने वृत्तासुर के प्रसंग के माध्यम से भक्ति, समर्पण और भगवान के प्रति निष्काम प्रेम का संदेश दिया। आचार्य ने बताया कि वृत्तासुर असुर होते हुए भी अपने श्रेष्ठ आचरण और अंतिम समय में की गई प्रार्थना के कारण विशेष रूप से स्मरण किया जाता है।

ढीमानी से मेनरोड मार्ग के लिए 3.26 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

मालखरौदा। सक्ती जिले के अड़भार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ढीमानी से मेनरोड शक्ति अड़भार मेंन रोड तक 2.40 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 26 लाख 4 हजार रुपये) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। वित्त विभाग द्वारा गठित समिति की सिफारिश पर दी गई इस स्वीकृति के साथ शासन ने कुछ प्रमुख शर्तें भी लागू की हैं। इसके तहत सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। साथ ही, पुल-पुलिया के निर्माण से पहले उनके डिजाइन का अनुमोदन अनिवार्य होगा।भूमि अधिग्रहण के संबंध में राजस्व विभाग से भूमि के स्वामित्व, क्षेत्रफल और दरों की गहन जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दोहरा अधिग्रहण न हो। निर्माण कार्य में किसी भी त्रुटि या अतिरिक्त व्यय के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। अड़भार नगर पंचायत के एल्डरमेन नितिन शुक्ला ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति सदस्य संयोगिता युद्ध वीर सिंह जूदेव के प्रयास से राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 7 अक्टूबर को प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

अकलतरा में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा

















नवरात्रि पर मेरी युवा बहनों संगठन ने किया भव्य आयोजन, अतिथियों ने प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह

गरबा-डांडिया की थाप पर मां अंबे की आराधना, नन्हे बच्चों से लेकर युवतियों तक ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित मेरी युवा बहनों संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मेरी युवा बहनों संगठन के तत्वावधान में मां अंबे की आराधना के लिए गरबा एवं डांडिया नृत्य का मनमोहक आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे बालक-बालिकाओं से लेकर युवा बहनों ने पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ गरबा एवं डांडिया की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। गरबा की थाप, डांडिया की खनक और मां अंबे के जयकारों से आयोजन स्थल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत बलौदा के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी एवं श्रीमती सावित्री सोनी, थाना प्रभारी एसआई सोमेश देव, एलआईसी अभिकर्ता अनूप देवांगन एवं श्रीमती रोशनी देवांगन (पूर्व पार्षद), पार्षद ऋषिकेश रात्रे तथा श्रीमती उमा देवी भार्गव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रुचि सोनी ने की। अतिथियों एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। आयोजन में पहुंचे सभी अतिथियों का प्रतिभागी युवा बहनों ने मंगल तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ एवं भेंट देकर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद श्रीमती रेवती सोनी ने मां अंबे रानी की स्तुति पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनकी भक्तिमय प्रस्तुति ने वातावरण को श्रद्धा और भक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में नन्हे-नन्हे बालक-बालिकाओं ने सामूहिक गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं, युवा बहनों ने ज्योति कलश के चारों ओर परिक्रमा करते हुए गरबा की थाप, करतल ध्वनि और डांडिया की लयबद्ध ताल के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों के उत्साह और शानदार तालमेल ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। नगर पंचायत बलौदा के उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सोनी ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने प्रतिभागी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं, एलआईसी अभिकर्ता अनूप देवांगन ने आशीर्वचन देते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी। थाना प्रभारी सोमेश देव ने शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन संपन्न होने की प्रशंसा की। इस अवसर पर संगठन की बहनें श्रीमती लुभावनी, ज्योति रानी, सोना सोनी एवं नम्रता सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मेरी युवा बहनों संगठन की सदस्य भगवती सोनी ने किया। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी अतिथियों, दर्शकों, माताओं-बहनों एवं बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वार्ड क्रमांक-13 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन जलभराव और आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत



बाराद्वार। नगर पंचायत नया बाराद्वार द्वारा वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने की दिशा में पहल की गई है। वार्ड क्रमांक 13 में पांच लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं, बारिश के दौरान होने वाले जलभराव और सड़क से जुड़ी परेशानियों का स्थायी निराकरण होने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे और उपाध्यक्ष जितेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद आरती खुर्से, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय सिंह राजपूत तथा वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद पवन अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा पार्षद पति हेमंत साहू, सचिन शर्मा, जयकिशन अग्रवाल, घनश्याम खुर्से सहित अन्य वार्डवासी और प्रबुद्ध नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल है।



'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग शुरू, लीड रोल में होंगे राघव

नई दिल्ली। एक्टर राघव जुयाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग से जुड़ी जानकारी बताते हुए एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि वे उनकी अगली फिल्म 'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग में लग गए हैं। राघव ने लिखा, 'आज मैं अपने कॅरियर की सबसे अहम फिल्म की शुरुआत कर रहा हूं। ऐसा इसलिए नहीं कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म है, बल्कि इसलिए कि 12-13 साल पहले मैंने इसे देखा था, इसके सपने देखे थे और अपने मन में इसे जी भी लिया था।' इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि आज मैं उस फ्रेंचाइजी का मुख्य अभिनेता हूं, जिसमें कभी मैं पीछे खड़े होकर, दूर से सब कुछ देखा करता था।'

लाइफ Style

अनीत

खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई. फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में वह अहान पांडे के साथ नजर आई थीं।

अब एक्ट्रेस मैडॉक फिल्म्स की फिल्म शक्ति शालिनी में दिखाई देंगी। यह फिल्म सैयारा से काफी अलग है। इस फिल्म में वो सोलो हैं और अब बताया है कि आखिर उन्होंने शक्ति शालिनी फिल्म करने के लिए हां क्यों कहा। अनीत ने बताया कि सैयारा की सफलता के बाद वह इसी तरह की एक अलग फिल्म करना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में अनीत पड्डा ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली। सैयारा के बाद मैं जिस तरह की फिल्म करना चाहती थी, यह बिल्कुल वैसी ही है। यह उससे काफी अलग है। इसमें एक्शन, रोमांस और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स हैं। मुझे अपने एक बिल्कुल अलग रूप को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। अनीत ने आगे कहा, "अगर मैं साफ-साफ कहूं, तो मैं एक सोलो फिल्म करना चाहती थी. मैं चाहती थी कि मैं कह सकूं कि यह मेरी फिल्म है। एक एक्टर के तौर पर इसकी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है। आखिर कितनी महिलाओं को ऐसा मौका मिलता है? मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपनी दूसरी फिल्म में ही यह मौका मिल रहा है। हालांकि, पूरी फिल्म की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर होना थोड़ा डराने वाला हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला



दुनिया में अदर मॉमी की मची धूम

नई दिल्ली। हॉरर और हॉलीवुड फैंस की दुनिया में इन दिनों जेसिका चैस्टेन स्टारर फिल्म 'अदर मॉमी' की धूम मची है। यह एक अमेरिकी सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है, जो 9 अक्टूबर को रिलीज हुई है और 3 दिनों में ही इसने वर्ल्डवाइड ₹432.35 करोड़ ($45,190,000) की ग्रॉस कमाई कर ली है। जिसने भी इसे देखा, वह मुरीद हो गया है। कहानी एक सात साल की बच्ची की है, जिसे अपनी मां की शक्ल से मिलती-जुलती औरत नजर आती है और वह उसे 'अदर मॉमी' कहकर पुकारती है।



प्रियंका ने अपनी दोस्त तमन्ना के साथ तस्वीरें कीं शेयर...

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त को जन्मदिन की बधाई दी है। अभिनेत्री ने उनके साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने शानदार पोस्ट लिखी है। अभिनेत्री ने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें उनके साथ बिकनी में दी गई पोज भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने उन्होंने तमन्ना के साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों की झलकियां दिखाई हैं। यही नहीं दोनों ने एक-दूसरे के परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं। दोस्त तमन्ना दत्त के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा 'मेरी पसंदीदा लड़की। वह पहले मेरी रूममेट रही, फिर दोस्त बनी। अब बहन जैसी है। पिछले 26 वर्षों में बहुत कुछ बदला, अगर कुछ नहीं बदला तो आप।



श्रीलीला की नई फिल्म का पोस्टर जारी

मुंबई। कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ श्रीलीला भी अहम किरदार में होंगी। कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के टाइटल का अभी ऐलान नहीं किया गया है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं। इसके निर्माता भूषण कुमार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया है। इसमें कार्तिक आर्यन और श्रीलीला बैठे हैं। उनके आस-पास हरियाली है और चाय भी रखी है। इसमें बताया गया है कि फिल्म 30 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा 'एक नई कहानी, जो आपके दिल में बस जाएगी।



मनोज की फिल्म घूसखोर का नाम बदला

मुंबई। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' का नाम बदल दिया गया है। मेकर्स ने 15 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया है। फिल्म के पुराने नाम को लेकर काफी विवाद हुआ था। इसके नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट तक याचिका पहुंची थी। अब फिल्म का नाम 'गजब रात' कर दिया गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय, दिव्या दत्ता, कीकू शारदा और नुसरत भरूचा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 23 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'गजब रात' की कहानी एक ऐसे पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने निजी फायदे और सही काम करने के बीच फंस जाता है।

टीवी मसाला



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में एक साथ नजर आएंगे करीना व सैफ

नई दिल्ली। करीना कपूर और सैफ अली खान की जोड़ी को बॉलीवुड में टिपिकल लव बर्ड्स के तौर पर देखा जाता है। अक्सर कई इवेंट्स में कपल को साथ में स्पॉट किया गया है। अब ये शानदार जोड़ी आपको 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में देखने को मिलेगी। बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों को अपने शो में बुलाने के बाद, अब यह शो रियल-लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वे इस कॉमेडी शो में अपने मजेदार अंदाज और हंसी-मजाक से चार चांद लगाएंगे। यह एपिसोड आने वाले 17 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। दोनों अलग-अलग कई बार नजर आए हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब वे इस कॉमेडी शो में एक साथ नजर आएंगे। इनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं जिसमें करीना रेड कलर के बंधनी सलवार- सूट में नजर आईं। इसके गले पर हैवी गोल्डन एंब्रॉयडरी का काम था। इसे उन्होंने हैवी झुमकों और चूड़ियों के साथ पेयर किया था। वहीं सैफ हमेशा की तरह रॉयल लुक में बेहद शानदार लग रहे थे। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट पैंट के साथ ही ब्लैक वेस्ट कोट पहना हुआ था। वहीं सैफ अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम डेब्यू किया है इसलिए ये मोमेंट उनके लिए और भी खास है।

नकुल के समर्थन में उतरीं शिल्पा

नई दिल्ली। शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल ने बीते एपिसोड में गुल्लू से लड़ाई की थी, जिसके बाद बिग बॉस ने कड़ा एक्शन लेते हुए नकुल को घर से बेघर कर दिया। अब इस पूरे मामले पर शिल्पा शिंदे ने अपनी राय दी है। नकुल को बिग बॉस से निकालने के बाद शिल्पा इस निर्णय से नाखुश नजर आईं। शिल्पा ने एक पोस्ट शेयर कर इस निर्णय का विरोध जताया है। पोस्ट के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, 'उसे वापस लाओ..उसने मारा नहीं है सिर्फ धक्का दिया है। ऐसा बिग बॉस में बहुत बार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें भी लिखा कि उन्हें वापस लाओ, क्योंकि वो पूरी तरह गलत नहीं हैं। दरअसल, काजी मजाक-मस्ती में स्काउट के कान में थूक देते हैं। इसके बाद जब स्काउट अकेले होते हैं, तो नकुल जाकर उनसे कहते हैं कि काजी वहां दूसरी ओर बता रहे हैं कि उन्होंने तुम्हारे कान में थूक दिया।



ये प्रेम मोल लिया का नया गाना 'झुमका पटोला' रिलीज, श्रेया ने दी है आवाज

निर्देशक सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म ये प्रेम मोल लिया का नाम काफी समयसे चर्चा का विषय बना हुआ है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस मूवी के कई गाने अब तक सामने आए हैं, जिन्हें श्रोताओं ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है।

नई दिल्ली। इस बीच नवरात्रि के सीजन में मेकर्स की तरफ से ये प्रेम मोल लिया का एक और नया गाना रिलीज कर दिया गया है। जिसके बोल संगीतकार हिमेश रेशमिया की पत्नी सोनिया कपूर रेशमिया ने लिखे हैं और सिंगर श्रेया घोषाल ने इसे गाया है। ये प्रेम मोल लिया के जिस लेटेस्ट सॉन्ग के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसका टाइटल- झुमका पटोला... है। दरअसल बुधवार को मेकर्स की तरफ से इस गाने को रिलीज करने की आधिकारिक जानकारी सोशल मीडिया पर दी गई थी और अब गुरुवार को झुमका पटोला... को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म ये प्रेम मोल लिया का ये नया गाना अभिनेता आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ के अलावा फिल्म की अन्य फीमेल एक्ट्रेसेज के ऊपर



फिल्माया गया है। बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने इस गीत को अपनी मीठी आवाज दी है, जबकि संगीतकार हिमेश रेशमिया ने इसके संगीत को तैयार है। ध्यान देने वाली बात ये है कि ये प्रेम मोल लिया फिल्म के झुमका पटोला... गीत के लिरिक्स को हिमेश की वाइफ सोनिया कपूर ने लिखा है, जो गाने को और अधिक रोचक बनाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मूवी का ये गीत प्रॉपर डांसिंग सॉन्ग लग रहा है, जो महिलाओं के लिए नया पार्टी एंथम बन सकता है। इससे पहले फिल्म का टाइटल सॉन्ग और नवरात्रि स्पेशल गीत पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं। राजश्री प्रोडक्शन की अगली पेशकश के तौर पर ये प्रेम मोल लिया फिल्म का सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौर किया जाए आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस रोमांटिक-फैमिली ड्रामा फिल्म की रिलीज डेट के बारे में तो ये मूवी 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

फर्जी-2 की शूटिंग खत्म

छोटे कलाकार की दिखाई गई है कहानी

मुंबई। अभिनेता शाहिद कपूर की सीरीज 'फर्जी 2' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की जानकारी एक्टर ने बातचीत के दौरान दी। इसके साथ ही अपने किरदार सनी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सेट से बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। शाहिद कपूर ने 'फर्जी 2' की शूटिंग के दौरान ली गईं कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, 'फर्जी 2 की शूटिंग जैसे-जैसे समाप्त हो रही है, मुझे बस यही याद आ रहा है कि सनी मेरे भीतर कितना बसा हुआ है। मैं वही हूं और वह मैं हूं। हम दोनों ने मुंबई की गलियों में एक ऐसे बच्चे के रूप में शुरुआत की थी जिसके दिल में दुनिया को यह बताने की आग थी। मुझे देखो। मैं एक कलाकार हूं।'फर्जी का पहला सीजन प्राइम वीडियो पर फरवरी 2023 में प्रीमियर हुआ था। यह सीरीज 8 एपिसोड्स की थी। इस सीरीज से शाहिद कपूर ने पहला



ओटीटी डेब्यू किया था। इसमें सनी नाम के एक छोटे-मोटे कलाकार की कहानी दिखाई गई है, जो नकली मुद्रा के एक बड़े घोटाले में शामिल हो जाता है। कलाकारों में विजय सेतुपति, राशी खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर प्रमुख भूमिकाओं में थे।

अलग-अलग जॉनर की फिल्में और सीरीज होंगी रिलीज

सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका

नई दिल्ली। पलके बिछाए फैंस शुक्रवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये सप्ताह का वो दिन होता है, जब बड़ी-बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देती हैं और शानदार सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होती हैं। अक्टूबर के तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर आ रहा है।

नई नवेली : शुक्रवार की सबसे मजेदार रिलीज में से एक यामी गौतम की फिल्म नई नवेली है, जो आज सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आर्टिकल 370 और हक जैसी सीरियस फिल्मों के बाद नेशनल अवॉर्ड विनर यामी गौतम कॉमेडी जॉनर में लंबे समय बाद लौटीं हैं। मूवी में उनका किरदार डायन भाभी का है। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- हॉरर कॉमेडी।

मास्टर प्लान : इस क्राइम कॉमेडी फिल्म की कहानी रोजर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिटायर महान चोर है। हालांकि, वह मोना लीसा की मूर्ति चुराने के पीछे है, जिसके लिए वह एक इटैलियन हैकर और फ्रैंच बम एक्सपर्ट को हायर करता है। कहानी में मजेदार ट्विस्ट तब आता है जब रोजर ये बताता है कि उसके दोनों हायर किए गए बंदे गुम हुए सिबलिंग्स हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम. वीडियो, जॉनर- क्राइम कॉमेडी।



डीसी : सरत चंद्र चटोपाध्याय की नॉवेल देवदास पर बेस्ड फिल्म डीसी में लोकेश कनगराज और वामिका गब्बी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी देवदास के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बागी अपराधी है और चोरी में गलती होने और एक पुलिस ऑफिसर के मारे जाने पर भागा फिर रहा है। वामिका का किरदार चंद्रा जो एक सेक्स वर्कर है, कैसे उसकी मदद करेगी यही कहानी में बताया जाएगा। रिलीज डेट -16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

आशा : आशा की कहानी पहले से ही सदमें से गुजर रही एक विदवा महिला पर बेस्ड है, जो एक छोटे से एक्सीडेंट के बाद बेकाबू हो जाती है। हार न मानने की उसकी इस जिद के कारण उसका सामना एक ऐसे हिंसक आदमी से होता है, जो उसकी जिंदगी को एक बुरा सपना बना देता है। मलयालम फिल्म में उर्वशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 16

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। यह 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

रणबाली : आज बॉक्स ऑफिस पर नई नवेली का अकेले कब्जा नहीं होगा, बल्कि इस मूवी से टक्कर लेने के लिए विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की रणबाली भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मूवी को तेलुगू के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर-हिस्टोरिकल ड्रामा।

जेलर : रजनीकांत की जेलर को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था और अब वह इसके दूसरे पार्ट जेलर 2 के साथ शुक्रवार से एक दिन पहले थिएटर्स में आ गए हैं। फिल्म में एक बार फिर से वही दमदार एक्शन होगा। रजनीकांत के अलावा मूवी में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती ने अहं भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।



मनी ट्रैप- द करुण ट्रेजर : मनी ट्रैप की कहानी कॉन आर्टिस्ट आसिम नोयन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लास्ट बार अपनी पुरानी गैंग के साथ एक आखिरी चोरी के लिए फिर से इकट्ठा होते हैं। हालांकि, उनका ये मिशन जल्द ही एक बड़ी लड़ाई में बदल जाता है, क्योंकि सामने वाले अन्य गिरोह भी इसी खजाने के पीछे पड़े हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।

कोरबा रोड सिवनी चौक का टेराकोटा थीम तथा पोस्ट ऑफिस के पास 12 ज्योतिर्लिंग का पंडाल बना विशेष आकर्षण का केन्द्र

नगर में शारदीय नवरात्रि की धूम दुर्गा पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कोसा, कांसा और कंचन की नगरी के नाम से सुप्रसिद्ध चाम्पा में इन दिनों 11 अक्टूबर से प्रारम्भ शारदीय नवरात्रि की धूम हैं। शहर के हृदय स्थल देवांगनपारा स्थित आदिकाल से विराजित नगर की कुलदेवी मां समलेश्वरी, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी तथा रामबान्धा तालाब के दक्षिणी छोर पर स्थित मां समलाई महामाया मंदिर के अलावा श्रद्धालु गण अनेक प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक रूप से भव्य पंडाल का निर्माण कर उनमें विराजित माता भवानी की आकर्षक प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ रहे हैं। इन मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश एवं ज्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए गए है। पर्व के चलते समूचे नगर का माहौल इन दिनों माता भवानी के भक्तिभाव में डूबा हुआ हैं।

चाम्पा शहर यूं तो कांसा, कोसा और कंचन के निर्माण के नाम पर सुप्रसिद्ध हैं लेकिन नगर की एक विशिष्ट पहचान उसके माता मंदिरों के साथ साथ पिछले कुछ वर्षों से यहां अनेक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से विराजित माता भवानी की आकर्षक प्रतिमाओं के अतिरिक्त भव्य और आकर्षक पंडालों से भी होने लगी हैं। इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के दौरान नगर के कोरबा रोड सिवनी चौक स्थित टेराकोटा थीम पर बना छत्तीसगढ़ का पहला और भव्य पंडाल नगर के अलावा आसपास की ग्रामीण जनता के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बना हुआ हैं। पश्चिम बंगाल के माकोड़ा की टेराकोटा हस्तशिल्प की थीम पर आधारित पंडाल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन को पहुंच रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही पारम्परिक शिल्प से जुड़ी सामग्रीयों का उपयोग कर निर्मित यह भव्य और विशाल पंडाल खासी चर्चा में हैं. पंडाल को ऐसा स्वरूप देने का प्रयास किया गया हैं जिससे भारतीय लोक कला की खूबसूरती एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई पड़ रही हैं। बांस, टोकरियों और चूड़ियों सहित विभिन्न हस्तशिल्प सामग्रीयों को पंडाल की सजावट में शामिल किया गया हैं। यहां का दूसरा सबसे बड़ा


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सिवनी चौक कोरबा रोड।

आकर्षण मां दुर्गा की भटगांव के मूर्तिकार द्वारा निर्मित भव्य प्रतिमा हैं। भव्य पंडाल, सुसज्जित वातावरण और माता दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा मिलकर यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभूति का वातावरण तैयार कर रहे हैं। यहां पर्व का शुभारंभ शतचंडी महायज्ञ के साथ हुआ। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस के बगल में चाम्पा वाली माई के दरबार में एक ही पंडाल में 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ ही विशाल नंदी और भोलेनाथ की प्रतिमा श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही हैं। पंडाल में नौ दिनों तक शिव रुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया हैं। यहां माता रानी के साथ ही भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन का सौभाग्य लोगों को मिल रहा हैं। नगर के सदर बाजार स्थित जय दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर भक्तिभाव से पूजा आराधना की जा रही हैं। पंडित दिनेश पाठक और पंडित गोविन्द द्विवेदी द्वारा यहां प्रतिदिन माता की पूजा का दायित्व निर्वहन किया जा रहा हैं। यहां 17 अक्टूबर को रात्रि निशा पूजन किया जायेगा और साथ ही मां दुर्गा को नींबू माला अर्पित की जावेगी। 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कन्या पूजन एवं अन्नपूर्णा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। 21 अक्टूबर को मध्य रात्रि में हवन और पूर्णाहुति का आयोजन होगा। इसी तरह नगर के हटरी बाजार में जय दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित माता दुर्गा की भव्य और भटगांव के मूर्तिकार द्वारा निर्मित प्रतिमा के दर्शन हेतु प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इस वर्ष पंडाल की विशेष सजावट नारियल, मौली धागा, चुनरी एवं चूड़ियों का उपयोग कर की गई हैं। लगातार 35 वर्षों से समिति माता की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर आयोजन को विशेष स्वरूप देने का प्रयास कर रही हैं। यहां सुबह और शाम बाहर से आये कलाकारों द्वारा माता की संगीतमय आरती की जा रही हैं। पंडाल में सप्तमी की रात्रि को विशेष पूजन के बाद माता को नींबू की माला अर्पित की जावेगी। इस दिन रात्रि 8 बजे विशेष महा आरती के बाद अष्टमी को कन्या भोज तथा नवमीं को दोपहर में हवन संपन्न होगा। पर्व के दौरान यहां प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अलावा मोदी चौक के पास कुश वाटिका में मां सिद्धिदात्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार दूसरे वर्ष वातानुकूलित पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर 11 से 21 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा हैं। यहां 15 अक्टूबर को रात्रि छ.ग. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत माता के दर्शन हेतु पहुंचे। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां विद्या उपासक आचार्य भुवनेश शर्मा एवं सहयोगी पंडितों द्वारा वैदिक विधि विधान से माँ भवानी का पूजन संपन्न कराया जा रहा हैं। यहां 16 अक्टूबर को गंगा आरती क़ी तर्ज पर मां दुर्गा क़ी महाआरती हुई। सप्तमी पर 17 अक्टूबर को कालरात्रि पूजन के साथ रात्रि में माता को नींबू माला अर्पित क़ी जावेगी। प्रतिदिन माता क़ी संगीतमय आरती प्रातः 9 बजे और रात्रि 8 बजे हो रही हैं। इसी तरह स्टेशन रोड में लायंस चौक के पास मंझली तालाब क़ी महारानी के रूप में विराजित मां दुर्गा के भव्य श्रृंगार और पंडाल ने श्रद्धालुओं का मन मोह रखा हैं। जय मां अम्बे दुर्गा उत्सव समिति द्वारा यहां 17 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे मां दुर्गा क़ी महा आरती क़ी जावेगी। इसके बाद रविवार 18 अक्टूबर को भागवत मैदान में विशेष जसगीत जागरण का आयोजन किया गया हैं। इसमें सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पंडित विवेक शर्मा अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। कोरवापारा में सोमवार 19 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से कन्या पूजन और हवन का कार्यक्रम होगा। नगर में इसके अतिरिक्त कदम्ब चौक, बाबाघाट, लोहारपारा, बैरियर चौक,कोरवापारा, तहसील मार्ग, कैलाश नगर, भोजपुर, रेलवे स्टेशन, रेलवे कॉलोनी, हटवारा चौक और शनि मंदिर के पास माता दुर्गा क़ी आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना किये जाने से समूचे नगर का माहौल भक्तिभाव से परिपूर्ण हैं।


देवांगन पारा में विराजी मां समलेश्वरी।


जय दुर्गा उत्सव समिति हटरी बाजार


जय दुर्गा उत्सव समिति सदर बाजार


जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति मंझली तालाब।



शिवरीनारायण में मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

- आकर्षक साज-सज्जा बना श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण

नवरात्र के अवसर पर पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है। नगर के प्रमुख दुर्गा पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा, भव्य पंडाल और रंग-बिरंगी रोशनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। विशेष रूप से दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। परिवार सहित पहुंच रहे भक्त माता रानी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र पर्व के दौरान नगर में धार्मिक उत्साह चरम पर है। जगह-जगह माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं, वहीं पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से दुर्गा पंडालों में रौनक देखते ही बन रही है। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में नवरात्र पर्व केवल पूजा-अर्चना का अवसर ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक भी है।

आज़ाद ग्रुप का लाइव बैंड के साथ रास गरबा का आयोजन 19 को

अकलतरा। नगर में नवरात्रि की सांस्कृतिक परंपरा एवं गरबा उत्सव की उमंग को आगे बढ़ाते हुए आज़ाद ग्रुप अकलतरा द्वारा सोमवार 19 अक्टूबर को भव्य रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लाइव बैंड की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों को एक मंच पर एकत्रित कर भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करना है। लाइव बैंड की मधुर धुनों के बीच प्रतिभागी पारंपरिक रास गरबा का आनंद ले सकेंगे। आयोजन को लेकर युवाओं एवं नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। आज़ाद ग्रुप अकलतरा के सदस्य अनूप ताम्रकार एवं विपुल जैन ने उक्त जानकारी देते हुए नगर के समस्त नागरिकों, युवाओं एवं गरबा प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन नगर में आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गूंजे मां दुर्गा के जयकारे, गरबा की धूम के बीच रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में गुरुवार को शक्ति, भक्ति, आस्था एवं सांस्कृतिक चेतना के पावन पर्व नवरात्रि एवं दशहरा को अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल एवं डायरेक्टर श्रीमती चंचल अग्रवाल ने नन्ही बालिकाओं को मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों के अनुरूप सुंदर एवं पवित्र आसनों पर विराजित

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में विधि-विधान के अनुसार की गई मां दुर्गा की पूजा-अर्चना



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

कर वैदिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के अनुसार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। अंत में भगवान श्रीराम के हाथों रावण दहन के प्रतीकात्मक आयोजन ने उत्सव को विशेष गरिमा एवं आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। पूजन के पश्चात पूरा गुरुकुल परिवार मां दुर्गा के भक्तिमय भजनों के गायन एवं पारंपरिक नृत्य गरबा में सम्मिलित हुआ। मां के जयकारों और भजनों की मधुर स्वर-लहरियों से वातावरण भक्ति रस में डूब गया। इस सामूहिक भक्ति ने विद्यालय के प्रत्येक सदस्य को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और सामूहिक एकता की अनुभूति कराई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि त्योहार केवल उत्सव मनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने तथा बच्चों में संस्कार, श्रद्धा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने का सशक्त माध्यम भी है। विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि "नारी का सम्मान, समाज का सम्मान है, नारी की शक्ति, राष्ट्र की शक्ति है। हमें अपने घरों, विद्यालयों और समाज में बेटियों को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। हमें बच्चों को बचपन से ही यह संस्कार देना चाहिए कि प्रत्येक नारी सम्मान की अधिकारी है। वहीं रावण केवल एक पुतले का नाम नहीं है। वह हमारे भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, झूठ और अन्याय जैसी बुराइयों का प्रतीक भी है। यदि हम हर वर्ष रावण का पुतला जलाएं, लेकिन अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त न करें, तो दशहरा मनाने का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। श्रीमति चंचल अग्रवाल ने कहा कि "नवरात्रि हमें सिखाती है कि शक्ति का अर्थ केवल शारीरिक बल नहीं है। सच्ची शक्ति हमारे आत्मविश्वास, ज्ञान, धैर्य, विवेक और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता में निहित है। मां दुर्गा हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, निर्बलों की सहायता करने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती हैं। प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि भारत त्योहारों और परंपराओं का देश है। हमारे प्रत्येक पर्व के पीछे कोई न कोई गहरा जीवन-दर्शन और प्रेरणादायी संदेश छिपा हुआ है। नवरात्रि हमें शक्ति, साधना, अनुशासन और सकारात्मकता का संदेश देती है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप हमें जीवन में विभिन्न गुणों को विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। वहीं दशहरा हमें यह शिक्षा देता है कि अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों से विमुख नहीं होना चाहिए। सच्चा विद्यार्थी वही है, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करे, उनसे सीखे और निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करे।

विद्यालय में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मां रक्तमावली मंदिर में जगमगा रहे आस्था के दीप, दर्शन करने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

लोहर्सी। ग्राम लोहर्सी के बांधा तालाब के तट पर विराजमान आदि शक्ति मां रक्तमावली दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आस्था के दीप जगमगा रहे हैं। 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित नवरात्रि कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमर रही है। मां के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए दूर-दराज के गाँवो से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में इस बार 360 तेल कलश और 131 घी कलश सहित कुल 491 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इस वर्ष बाहर के गांव से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश प्रज्वलित कराई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में गांव की जस मंडलियों के साथ बाहर से आने वाली जस मंडलियों के द्वारा जस गीत और माता सेवा के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। मंदिर का नजारा देखते ही बनता है। रोशनी से जगमगाता मां का दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सुबह और शाम होने वाली आरती में पंडा, भक्तगण एवं ग्रामवासी शामिल होकर मां का आराधना कर रहे हैं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन रखा गया है। नवरात्रि कार्यक्रम के सफल संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रक्तमावली सेवा समिति के लोग पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। पूरे गांव में भक्ति, आस्था और उत्साह का वातावरण बना हुआ है

